दिनांक : 15.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार,---

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह दिन के विदेश दौरे पर, यूएई के साथ रक्षा, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर सहयोग के साथ-साथ 5 अरब डॉलर के निवेश पर सहमति बनी।
- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, धार भोजशाला को हिंदू मंदिर मानते हुए ASI और केंद्र सरकार को सौंपा प्रबंधन।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण कार्यों का किया निरीक्षण, बाढ़ बचाव प्रशिक्षण का भी लिया। जायजा
- नीट-यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा होगी, अगले साल से CBT मोड में आयोजित करने की तैयारी।

----------

## पीएम मोदी- यूएई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई और यूरोप के छह दिन के दौरे पर आज अबू धाबी पहुंचे। हवाई अड्डे पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने उनका स्वागत किया। यूएई के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने पीएम के विमान को सुरक्षा घेरा दिया। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर सहयोग के साथ-साथ 5 अरब डॉलर के निवेश पर सहमति बनी। एलपीजी आपूर्ति, पेट्रोलियम रिजर्व और गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयरिंग क्लस्टर बनाने के समझौते भी हुए। श्री मोदी ने कहा कि भारत हर हाल में यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।

## हाई कोर्ट- धार भोजशाला

धार की भोजशाला को लेकर आज मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने भोजशाला को हिंदू मंदिर घोषित कर दिया है।

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने धार की 'भोजशाला' पर आये हाई कोर्ट के फैसले ij कहा हे कि "भोजशाला का निर्माण महान राजा भोज ने अपने कार्यकाल में किया था और यह सर्वविदित सत्य है। माननीय न्यायालय ने जो फैसला दिया है, मैं उस निर्णय का स्वागत करता हूँ।"

वहीं /kkj जिला प्रशासन द्वारा भी भोजशाला स्मारक को लेकर आए निर्णय को देखते हुए शहर में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## जबलपुर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एडीपीपीओ भर्ती से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई जबलपुर में एक साथ करने का फैसला किया है। इंदौर और ग्वालियर की पीठों में लंबित याचिकाएं अब जबलपुर ट्रांसफर होंगी। याचिकाकर्ताओं ने भर्ती विज्ञापन में 40 साल की उम्र सीमा को चुनौती दी है। अगली सुनवाई जून के आखिरी हफ्ते में होगी।

## दुनिया में तेल महंगा, भारत में मामूली बढ़ोतरी

पेट्रोल और डीजल के दाम आज से 3-3 रुपए प्रति लीटर बढ़ गए हैं। करीब दो साल बाद ईंधन की कीमतों में यह बढ़ोतरी की गई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जब दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल 20 से 100 प्रतिशत तक महंगा हुआ, तब भारत ने सिर्फ 3.2 और 3.4 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी की। उन्होंने कहा कि सरकारी तेल कंपनियों ने हफ्तों तक घाटा सहकर आम लोगों को महंगाई से

बचाया है।

## मोहन यादव- उज्जैन निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में राम घाट पहुंचकर सड़क चौड़ीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी काम तेजी और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कार्य उज्जैन को लंबे समय तक फायदा पहुंचाएंगे। इस दौरान उन्होंने होमगार्ड जवानों के बाढ़ बचाव प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। 250 जवानों को डीप डाइविंग और अंडरवाटर रेस्क्यू समेत 15 दिन की ट्रेनिंग दी जा रही है।

## शिक्षा मंत्री- नीट परीक्षा

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश पत्र मिल जाएंगे। उन्होंने बताया कि अगले साल से यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित यानी CBT मोड में होगी। मंत्री ने कहा कि एनटीए में बड़े सुधार जरूरी हैं ताकि भविष्य में धांधली न हो। श्री प्रधान ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी मेधावी छात्र शिक्षा माफिया की साजिश की वजह से अपने हक से वंचित रहे।

## गेहूं खरीदी

प्रदेश में 75 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की रिकॉर्ड खरीदी हो चुकी है। बंपर पैदावार को देखते हुए केंद्र सरकार ने खरीदी लक्ष्य बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। इस सीजन में रिकॉर्ड 19 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है और खरीदी की अंतिम तारीख 23 मई तक बढ़ा दी गई है।

## पीएम प्रोजेक्ट चीता को नई उड़ान

प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आज दो और मादा चीतों को खुले जंगल में छोड़ा गया। इसके साथ ही यहां खुले जंगल में विचरण करने वाले चीतों की संख्या 16 हो गई है। ये दोनों फरवरी 2026 में बोत्सवाना से लाए गए नौ चीतों में से हैं। प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2022 में अपने जन्मदिन पर की थी और उन्होंने खुद नामीबिया से लाए पहले 8 चीतों को छोड़ा था। चीता परियोजना के फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि सभी चीते स्वस्थ हैं और जंगल में अच्छी तरह ढल रहे हैं।

## मंडी बोर्ड की सभी बैठकें अब ऑनलाइन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। अब भोपाल में होने वाली सभी बैठकें ऑनलाइन मोड में होंगी। दूर-दराज से आने वाले अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इन बैठकों में शामिल होंगे। इसके साथ ही विभागीय जांच और पेशियां भी अब ऑनलाइन ही होंगी। ।

## भोपाल में लगी प्राचीन सिक्कों की राष्ट्रीय प्रदर्शनी

भोपाल में श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में भोपाल मुद्रा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मुद्रा प्रदर्शनी है. 17 मई तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में सुबह 11 से शाम 7 बजे तक लोग दुर्लभ और प्राचीन सिक्के देख सकते हैं। प्रदर्शनी देखने के लिए आयोजकों ने 100 रुपए प्रति व्यक्ति एंट्री फीस भी रखी हुई है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता- बच्चों को दिया नया जीवन

उज्जैन जिले के नलखेड़ा गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निकिता शर्मा ने 9 गंभीर कुपोषित बच्चों को स्वस्थ कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने आईआईटी मुंबई की टीम से 5 दिन की विशेष ट्रेनिंग लेकर यह काम शुरू किया। एक नवजात जिसका वजन जन्म के समय सिर्फ ढाई किलो था, वह 50 दिनों में 5 किलो से ज्यादा का हो

गया। निकिता रोज घर-घर जाकर माताओं को सही स्तनपान और पोषण के बारे में समझाती थीं। उनके इस काम को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने उन्हें उज्जैन जिले की पहली मास्टर ट्रेनर बनाया है।

**अंडर-18 हॉकी सीरीज का आगाज**

भोपाल के उधव दास मेहता सेंट्रल सेंटर में आज से भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 हॉकी सीरीज शुरू हो गई है। यह सीरीज 20 मई तक चलेगी और इसमें पुरुष व महिला दोनों वर्गों के मुकाबले खेले जाएंगे। यह सीरीज आगामी एशिया कप की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है।

**आईपीएल**

दूसरी तरफ आईपीएल में कुछ ही देर बाद लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मैच खेला जाएगा। चेन्नई के लिए यह मुकाबला बेहद जरूरी है क्योंकि पिछले तीन मैच जीतकर टीम पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम टूर्नामेंट से पहले ही बाहर हो चुकी है।

**संक्षिप्त समाचार**

- खण्डवा में आगामी सिंहस्थ पर्व की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- गुना कलेक्टर  ने प्रतिमाह आयोजित होने वाले युवा संगम कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा की।
- शिवपुरी जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जनसंपर्क अभियान कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।
- आगामी मानसून के पूर्व बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों के तहत आगरमालवा स्थित मोती सागर तालाब में  एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

- अशोकनगर जिले में ई-टोकन से उर्वरक न देने पर 02 उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित किया गए है।
- नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन जारी है। अब तक 3 लाख 81 हजार 567 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है।

ueLdkj

--------------------